मोबाइल : +91-9415717055

# राम कैलाश शिक्षण एवं सेवा संस्थान

"कैलाश कुंज", 1/14/07, सिविल लेन महिला पॉलीटेक्निक के सामने, हौसिला नगर, फैजाबाद (उ0प्र0) - 224001

पत्रांक .................. दिनांक ..................

## राम कैलाश शिक्षण एवं सेवा संस्थान की बैठक दिनांक 08.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांक 04.05.2022 को प्रसारित सूचना के आधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 08.05.2022 को राम कैलाश शिक्षण एवं सेवा संस्थान, कैलाश कुंज, 1/14/07, सिविल लेन महिला पॉलीटेक्निक के सामने, हौसिला नगर, अयोध्या उ0प्र0 के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष श्री साहिल सिंह की अध्यक्षता में राम कैलाश शिक्षण एवं सेवा संस्थान के बैठक कक्ष में प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

**एजेण्डा:-**

1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

| क्रमांक | नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री साहिल सिंह | अध्यक्ष | |
| 2 | श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह | प्रबन्धक | |
| 3 | श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह | सचिव | |
| 4 | शशि सिंह | कोषाध्यक्ष | |
| 5 | श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय | सदस्य | |
| 6 | श्री सुभाष चन्द्र मिश्र | सदस्य | |
| 7 | श्री अशोक कुमार सिंह | सदस्य | |

**प्रस्ताव सं0–1.** गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुई–

**प्रस्ताव सं0–2.** प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही प्रबन्धक श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

**अनुमोदन–** श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में समिति द्वारा [illegible] में रिट भी दाखिल की गया है। अतः समिति द्वारा ग्राम–अवनम, पोस्ट– कुमारगंज, जिला–अयोध्या उ0प्र0 में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव लिया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

**प्रस्ताव सं0 3.** उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से ग्राम– अवनम, पोस्ट– कुमारगंज, जिला–अयोध्या में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रबन्धक श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में होने भूमि, भवन, फर्नीचर, कैश, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी प्रबन्धक श्री श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह को अधिकृत किया गया।

**अनुमोदन–** श्री अशोक कुमार सिंह, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु 'राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस' (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) नाम प्रस्तावित किया।

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव सं0–4. | उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोम स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम "राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस" (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) रखने का समर्थन किया। |
| अनुमोदन– | शशि सिंह, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा ग्राम– अकमा, पोस्ट– कुमारगंज, जिला–अयोध्या में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं– 729/1.274हे0 में से 0.341हे0 व 728मि0/.0160हे0 में से 0.080हे0 व 730/0.054हे0 व 796/0.291हे0 व 718/0.063हे0 रकबा 0.408हे0 मुसल्लम कुल 5 किता 0.829 हेक्टेयर पर लेने का विचार किया गया। |
| प्रस्ताव सं0–5. | उपस्थित सभी सदस्यों के सम्यक विचारोपरान्त सर्व सम्मति से ग्राम– अकमा, पोस्ट– कुमारगंज, जिला–अयोध्या में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं– 729/1.274हे0 में से 0.341हे0 व 728मि0/ 0160हे0 में से 0.080हे0 व 730/0.054हे0 व 796/0.291हे0 व 718/0.063हे0 रकबा 0.408हे0 मुसल्लम कुल 5 किता 0.829 हेक्टेयर को "राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस" (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा प्रबन्धक श्री श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजो पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया। |
| अनुमोदन– | श्री सुभाष चन्द्र मिश्र, सदस्य ने प्रस्तावित "राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस" (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के प्रबन्धक श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह को उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया।<br><br>उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से प्रबन्धक श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह को प्रस्तावित "राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस" (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) के संस्था प्रमुख/प्रबन्धक (Head of Institution/Manager) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदया के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "राम कैलाश कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड पैरामेडिकल साइंस" (Ram Kailash College of Pharmacy and Peramedical Science) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया। |

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदया को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।